RAF SECTOR
NEWS CLIP
24/12/2021

CENTRAL RESERVE POLICE

CENTRAL RESERVE POLICE FORCE RAPID ACTION FORCE

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Jaipur, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में आत्महत्या की रोकथाम विषय पर हुआ कार्यक्रम

कलम ए राजस्थान

जयपुर। राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में आत्महत्या की रोकथाम विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 83 बटालियन कैंपस में कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के निर्देशनुसार द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में वाहिनी की कावा-83 की ओर से आत्महत्या की रोकथाम- एक सामुहिक जवाबदारी के विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने कावा उपाध्यक्षा सपना महला पायल को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने शिरकत करने वाली सभी का हौसला अफजाही किया। टएडइ-83 की ओर से आमंत्रित प्रशिक्षक अनिल कुमार शर्मा ने आत्महत्या की रोकथाम एक सामुहिक जवाबदारी विषय पर लोगो को जवाबदारी के विषय पर जानकारी दी। खुश मिजाज और तनाव मुक्त रहने व आपसी सहयोग द्वारा एक दुसरे की समस्याओं को सुलझाने पर जोर दिया। द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने सभी को तनाव मुक्त रहने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बटालियन प्रशासन के संज्ञान में लाने के लिए बताया और हमेशा सकारात्मक सोचने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बटालियन के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

SUICIDE PREVENTION PROGRAM ORGANISED IN 83BN (JAIPUR) OF RAPID ACTION FORCE

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।